तापमान

अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



10 शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी...





12 इतिहास और आस्था का संगम सिहावा का कर्णेश्वर मेला




## खबर संक्षेप

### गृहविज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा आज

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएचएससी होम साईंस एवं बीए होम साईंस के व्दितीय एवं तृतीय वर्ष के नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व छात्र-छात्राओं की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा आज 10 फरवरी को गृह विज्ञान विभाग में होगी। अनुपस्थित होने पर छात्र-छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 18 से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी भाग दो रसायनशास्त्र विषय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 18 फरवरी एवं बीएससी भाग दो की परीक्षा 19 फरवरी को होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि में प्रायोगिक सामग्री के साथ समय से आधा घण्टा पूर्व अपनी उपस्थिति विभाग में सुनिश्चित करेंगे। अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म की हार्डकापी एवं रसीद लेकर परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

### मुरा में आज से सत्संग समारोह

**जीजामगांव।** कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुरा में कबीर सत्संग का आयोजन 10 से 12 फरवरी तक किया गया है। मुख्य प्रवक्ता संत निष्ठा साहेब मिर्जापुर बाराबंकी उत्तरप्रदेश, संत परीक्षा साहेब जियनपुर अयोध्या उत्तरप्रदेश, संत देवेंद्र साहेब करहीभदर बालोद, श्रद्धा साहेब पाररास बालोद, समष्ठि साहेब पोटियाडीह धमतरी होंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम प्रतिदिन 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से संध्या 5.30 बजे तक होगा। आयोजन की तैयारी में कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।



### भाजपा के पक्ष में अच्छा माहौल, हमारे सभी प्रत्याशी जीतेंगे : विष्णुदेव साय

# सीएम ने किया रोड शो, कार्यकर्ताओं में भरा जोश







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को दोपहर 12 बजे हेलीकाप्टर से धमतरी पहुंचे। श्री साय ने धमतरी में आयोजित रोड शो में शामिल होकर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया। कार्यकर्ताओं में जोश भरा। ज्ञात हो कि नगरीय निकाय चुनाव अंतर्गत धमतरी में महापौर, पार्षदों का चुनाव 11 फरवरी को होगा। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री रोड शो में शामिल हुए। श्री साय ने अंबेडकर चौक स्थित डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर रोड शो का शुभारंभ किया। प्रचार वाहन में सीएम ने सवार होकर आमजनता का अभिवादन किया। उनके साथ भाजपा महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा, पूर्व विधायक द्वय इंदर चोपड़ा, रंजना साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, राजीव पांडे, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, सरला जैन, कुंजलाल देवांगन, निर्मल बरड़िया, डा.एनपी गुप्ता, प्रीतेश गांधी, शिवाजी राव कृदत्त, अर्चना चौबे, प्रकाश शर्मा, महेंद्र पंडित, बीथिका बिश्वास, हेमलता शर्मा, शशि पवार, चेतन हिन्दूजा, राजेंद्र शर्मा, रितिका यादव, अशोक सिन्हा, ईश्वरी पटवा आदि थे। सभी ने सबसे पहले हेलीपेड में सीएम का स्वागत किया, फिर रोड शो में शामिल हुए।

श्री साय का काफिला अंबेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, बालक चौक, गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, सदरबाजार, गणेशचौक, रामबाग होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचा। मुख्यमंत्री ने माता से आशीर्वाद लिया। इस रोड शो में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। रास्ते में ब्राम्हण समाज, चेंबर आफ कामर्स, सिख समाज, दिगंबर जैन समाज, अग्रवाल समाज, साहू समाज, सिंधी समाज, मराठा समाज, यादव समाज, मुस्लिम समाज, स्वर्गधाम सेवा समिति, सर्व गुजराती समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी के नेतृत्व में गुजराती समाज, जनसंघ परिवार, सोनकर समाज, गोलबाजार व्यापारी संघ, सदर उत्तर वार्डवासी सहित विभिन्न वर्ग, संगठन व समाज के लोगों ने फूलों की वर्षा कर एवं फूलों की हार पहनाकर स्वागत किया।

### भाजपा भारी मतों से जीतेगी

श्री साय ने रोड शो के बाद मां विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा- अर्चना कर मत्था टेका। उसके बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा महापौर प्रत्याशी सहित सभी पार्षद भारी मतों से चुनाव जीतेंगे। धमतरी में भाजपा के पक्ष में माहौल बना है। धमतरीवासियों के स्वागत से वे अभिभूत हैं। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सल उन्मूलन हो जाएगा। हमारे जवानों ने आज ही 31 नक्सली और मारे हैं। जवानों के साहसिक कदम से नक्सलियों का सफाया हो जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया है कि 31 मार्च 2026 तक छग राज्य नक्सली मुक्त हो जाएंगे। सरकार में आने के बाद यह काम प्राथमिकता के साथ कर रहे हैं। जवानों के साहस को हम सलाम करते हैं।

### नगरीय निकाय निर्वाचन 2025

## मतदान सामग्री का वितरण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत 11 फरवरी को मतदान होगा। इसके लिए 10 फरवरी को सुबह 7 बजे से मतदान सामग्री का वितरण नगरीय निकायों के स्ट्रांग रूम से किया जाएगा। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंगल भवन कुरूद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड, बीएस गौर आत्मानंद स्कूल भखारा, संस्कृतिक भवन आमदी और डाईट कॉलेज नगरी में सुबह 7 बजे से सामग्री वितरित की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने मतदान सामग्री तथा मतदान दल में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को नियत समय पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

## बोरिदखुर्द सरपंच प्रत्याशी दुष्यंत का नामांकन रद्द

- सरपंच चुनाव में स्टे की मांग, न्याय नहीं मिलने कर हाईकोर्ट जाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बोरिदखुर्द सरपंच प्रत्याशी दुष्यंत सिन्हा का नामांकन रद्द कर दिया गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि जनपद पंचायत धमतरी को सौंपे गए एक सामान्य ज्ञापन में उन पर वसूली का आरोप लगाया गया है।





इसी ज्ञापन को आधार मानकर उनका नामांकन रद्द किया गया है, जबकि इस आरोप की न तो ढंग से जांच हुई है और न ही वसूली की पुष्टि हुई है। उन पर झूठा आरोप लगाया गया है। झूठे आरोप के आधार पर नामांकन निरस्त करने की शिकायत लेकर श्री सिन्हा राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ पहुंचे और नाम निर्देशन पत्र की पुनः जांच एवं निर्वाचन में भाग लेने का मांग की। उन्होंने उचित जांच तक सरपंच चुनाव के स्थगन की मांग की है। उन्होंने न्याय नहीं मिलने कर हाईकोर्ट जाने का निर्णय लिया है।


हरिभूमि पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


## सड़क हादसे में महिला की हुई मौत

**धमतरी।** पैदल घर लौट रही महिला को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला की अस्पताल में मौत हो गई।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कांतिबाई निषाद पति योगेंद्र उम्र 32 वर्ष ग्राम नवागांव कचना पुलिस चौकी बिरेझर निवासी शुक्रवार को छट्ठी कार्यक्रम में अपने रिश्तेदार के घर ग्राम बोरसी गई थी। जहां से रात्रि में पैदल अपने घर ग्राम नवागांव कचना लौट रही थी। इसी दौरान ग्राम कानामुका के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने महिला को ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घायल महिला की शनिवार की रात्रि इलाज के दौरन मौत हो गई। चौकी पुलिस ने रविवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## सातवीं की छात्रा ने जहर सेवन कर आत्महत्या की

**धमतरी।** बहन द्वारा मोबाइल नहीं देने से नाराज सातवीं की छात्रा ने कीटनाशक का सेवनकर आत्महत्या कर ली है।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम देवपुर निवासी शिवानी मल्होत्रा पिता सुभाष उम्र 11 वर्ष गांव के स्कूल में कक्षा 7वीं की छात्रा थी। उसके माता-पिता मजदूरी करते हैं। शनिवार को माता-पिता मजदूरी पर चले गए थे। छात्रा अपनी दो बहन व भाई के साथ घर पर थी। इसी दौरान दोपहर में छात्रा ने अपनी बहन तिलोचना से मोबाइल मांगी। बहन द्वारा मोबाइल देने से मना करने से नाराज छात्रा ने घर के कोठे में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन छात्रा को उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए। जहां से देर रात्रि रिफर करने पर छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रविवार की सुबह छात्रा की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## अनियंत्रित बाइक से गिरकर अधेड़ की मौत

**धमतरी।** बाइक के अनियंत्रित होकर गिर जाने से चालक अधेड़ की गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई।



अस्पताल पुलिस चौकी व परिजनों के अनुसार कुरुद थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधौरीकला निवासी अभयराम ध्रुव पिता केजूराम उम्र 52 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। शनिवार को अधेड़ खेत से घर आने के बाद किसी काम से बाइक में सवार होकर कुरुद गया था, जहां से अधेड़ वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के पास से गुजरे विशाखापटनम रोड में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में अधेड़ के सिर व सीने में गंभीर चोट लगी थी। उसे उपचार के लिए कुरूद अस्पताल लाया गया। जहां से परिजनों ने घायल को धमतरी के श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया था। रविवार की सुबह अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### किसे वोट करे कांग्रेसियों में असमंजस की स्थिति

# नोटा जीत भी गया तो भी महापौर बनना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी में महापौर कौन बनेगा यह लगभग तय है। कांग्रेस महापौर का नामांकन रद्द होने के बाद कांग्रेसियों के लिए यज्ञ प्रश्न है कि वे वोटिंग किसे करे। पार्टी ने अब तक किसी भी निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन नहीं किया है। चर्चा है कि कांग्रेस महापौर के लिए नोटा आप्शन पर बटन दबाने का प्रचार कर रहे हैं, वहीं मतदाता नोटा को वोट देने में संशय की स्थिति में हैं। क्योंकि महापौर प्रत्याशियों के मुकाबले नोटा को ज्यादा वोट मिलने के बावजूद निगम का मेयर बनना तय है।

नगर निगम धमतरी में महापौर के लिए आठ प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा से जगदीश रामू रोहरा, बसपा से आशीष रात्रे, हमर राज पार्टी से महेश रावटे, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से महेश साहू तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अवैश हाशमी, फिरोज खान, तिलकराज सोनकर तथा गगन कुंभकार मैदान में हैं। धमतरी निगम में अब तक कांग्रेस-भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला रहता है, लेकिन इस बार कांग्रेस का विकल्प नहीं होने से कांग्रेसी मतदाताओं में संशय की स्थिति है।

उप निर्वाचन अधिकारी प्रीति दुर्गम ने बताया कि महापौर और पार्षद के लिए नोटा का आप्शन है। अगर अगर महापौर या पार्षद पसंद नहीं है तो नोटा का बटन दबाकर मतदान कर सकते हैं, लेकिन नोटा को प्रत्याशियों से अधिक वोट मिल भी जाता है तो भी नोटा से कम वोट पाने वाले प्रत्याशी महापौर या पार्षद चुना जाएगा। इस कारण नोटा के आप्शन में सोच समझकर मतदान करें।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की चिंता

कांग्रेस के समर्थित कार्यकर्ताओं और मतदाता सुखराम, त्रिभुवन, संतोष बलराम ने बतया कि चुनाव प्रचार के लिए जीजान से जुटे हैं। वार्डों में पार्षद के लिए कांग्रेस के पंजा छाप पर बटन दबाने का आग्रह किया जा रहा है, लेकिन महपौर के लिए कांग्रेस का प्रत्याशी नहीं होने के कारण मजबूरी में नोटा का आप्शन होने की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने भरे मन से कहा कि नोटा को जीत मिल भी जाती है तो भी किसी पार्टी या निर्दलीय का महापौर बनना तय है।

### किसी को वोट डाले बिना मतदान कर सकते हैं

इस बार के निकाय चुनाव में ईवीएम मशीन पिछले ईवीएम मशीन से हटकर है। एक वोटिंग मशीन में 8 महापौर के अलावा 3 पार्षद का चुनाव किया जा सकेगा। 3 से अधिक पार्षद होने पर दूसरी वोटिंग मशीन रहेगी। जिसमें 4थे, 5वें और 6वें नंबर के पार्षद को वोट कर सकेंगे। इस मशीन की खासियत यह है कि महापौर, पार्षद के अलावा नोटा भी पसंद नहीं है तो सीधे इंड का बटन दबाकर मतदान कर सकते हैं। अगर महापौर पसंद नहीं है तो पसंदीदा पार्षद का बटन दबाने के बाद इंड का बटन दबा सकते हैं। इसी तरह पार्षद पसंद है और महापौर नहीं तो पसंदीदा पार्षद का बटन दबाने के बाद इंड का बटन दबा सकते हैं।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह मार्च 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 मार्च से 31 मार्च तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 15 फरवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 2 नग 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

## खबर संक्षेप

### शासकीय कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा शुरू

**मगरलोड।** यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के बीएससी द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 8 फरवरी शनिवार को हुई। रसायन शास्त्र 10 फरवरी सोमवार को, बीएससी तृतीय वर्ष की रसायन शास्त्र व 10 फरवरी को ही बीएससी द्वितीय वर्ष की जंतु विज्ञान, 12 फरवरी बुधवार को बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की वनस्पति विज्ञान, 13 फरवरी गुरूवार को बीएससी तृतीय वर्ष जंतु विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा होगी। यह जानकारी प्राचार्य डॉ प्रभा वेरूलकर ने दी है।

### नातिन की बात पर दामाद से हुआ विवाद सास की पिटाई की



**कांकेर।** थाना कांकेर के शिवनगर में रविवार 9 फरवरी की सुबह दामाद और सास के मध्य नतनिन को लेकर विवाद हो गया। दामाद ने सास के साथ गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और मारपीट किया। सास की शिकायत पर दामाद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँची शिवनगर निवासी 46 वर्षीय जगबती साहू पति रामधार साहू ने पुलिस को बताया कि मैं शिव नगर की निवासी हूँ और पूर्व में मेरी बेटी भारती साहू आजाद चंद भोई के साथ प्रेम विवाह किया था और उसकी तरफ से एक लड़की है। दामाद के द्वारा छोटी छोटी बातों को लेकर लड़ाई झगड़ा करने से मेरी बेटी भारती साहू उसे छोड़कर हमारे पास आ गई, जो करीबन दो वर्ष पूर्व से हमारे साथ रह रही है। मेरा दामाद आजाद चंद भोई 9 फरवरी को हमारे घर आया :शेष पेज 10 पर और मेरी नतनीन युववानी को अपने साथ ले गया था। मैं करीबन साढ़े 10 बजे उसे लेने के लिए हमारे घर से कुछ दूरी पर दूसरी गली में गई, जहां मेरा दामाद मेरी नतनीन को लेकर वहां पर बैठा था।

## निधन

### प्रेमवती सोनवानी



**धमतरी।** शहर के जोधापुर वार्ड निवासी प्रेमवती सोनवानी 75 वर्ष का निधन हो गया। वे भीष्म सोनवानी, खिलेन्द्र, जागेश्वर व एनसी सोनवानी की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### दशरथ नाग



**धमतरी।** शहर के शीतलापारा वार्ड निवासी दशरथ नाग का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे गृह निवास से हटकेशर शांतिघाट के लिए निकली, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### भाऊराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम परसवानी निवासी भाऊराम साहू 93 वर्ष का निधन 6 फरवरी को गृहग्राम में हो गया। वे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे लालजी साहू, छबिराम साहू, कुशल साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित होकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### विकास तो होता रहेगा लेकिन गरीब का आंसू कौन पोछेगा : प्रभात राव

# कांग्रेस की सभा में खलल : जैसे ही पूर्व विधायक ने बोलना शुरू किया चुनाव आयोग ने काट दी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी कुरुद नगर में चंडी मंदिर के सामने आमसभा आयोजित की। जैसे ही कांग्रेस नेता लेखराम साहू भाषण देने खड़े हुए, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने नियमों का हवाला देकर लाउडस्पीकर बंद करा सभा समाप्त करने का आदेश दिया। इससे कांग्रेस की सभा में खलल पैदा हो गई।

रविवार को शाम पौने पांच बजे चंडी मंदिर के सामने कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तपन चंद्राकर समेत सभी 15 पार्षदों के समर्थन में चुनावी आम सभा का आयोजन किया। प्रथम वक्ता के रूप में कांग्रेस नेता प्रभातराव मेघावाले ने तपन के कार्यों की तारीफ कर उन्हें गरीब, मजदूर व युवाओं के सुख दुःख में खड़े होने वाले सच्चे सेवक बताया। उन्होंने कहा कि विकास तो होता रहेगा लेकिन यहां गरीब, मजदूर का आंसू कौन पोछेगा। हमें ऐसे प्रत्याशी को जिताना है जिसका हाथ पकड़कर आप हम अपना कार्य करा सके जिसके लिए तपन ही उपयुक्त है। नशा, गांजा, गोली के अवैध कारोबार में कांग्रेस की संलिप्तता को सिरे से खारिज कर इसे भाजपा का भ्रामक आरोप बताया। अगले वक्ता के रूप में जैसे ही पूर्व विधायक लेखराम साहू ने माइक सम्हाला, चुनाव आयोग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर माइक बंद करा दी जिससे कांग्रेस की सभा में खलल पैदा हो गई। वहीं तपन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में मौजूद नगरवासियों में सत्ता शासन के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला। कुछ लोग इसे भाजपा का षड्यंत्र बता तपन की जीत लिए नारेबाजी करने लगे।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी सुश्री राजकुमारी दीवान, आशीष शर्मा, शारदा लोकनाथ साहू, रमेश्वर साहू, हितेंद्र केला, मनोज अग्रवाल, पप्पू राजपूत के अलावा सभी 15 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी व कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### आयोग ने कहा, समय सीमा लांघकर कर रहे थे सभा

कांग्रेस की सभा को बंद कराने मौके पर पहुंचे निर्वाचन आयोग के अधिकारी दुर्गेश सिंह एवं स्थानीय कर्मचारियों, थाना प्रभारी अरुण साहू ने बताया कि कांग्रेस ने आमसभा करने के लिए चंडी मंदिर के पास दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक का समय लिया था, लेकिन वे निर्धारित समय के बाद भी भाषणबाजी कर रहे थे। अतएव हमने चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए उनकी माइक बंद कराकर सभा भी समाप्त कराई। नियमों का उल्लंघन करने के खिकाफ आगे की कार्रवाई करेंगे। वहीं मंच पर उपस्थित कांग्रेसी नेताओं ने आयोग के नियमों का सम्मान व पालन करने की बात कहकर अपनी सभा समाप्त की। तपन ने हाथ जोड़कर आशीर्वाद मांगा तो कार्यकर्ताओं ने उसे कंधों में उठाकर उनके लिए नारेबाजी करने लगे।

# कविता को मिल रहा जनता का आशीर्वाद



■ जिपं क्रमांक-6 से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी गांवों में जनसंपर्क कर ले रही सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला पंचायत क्रमांक-6 से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी कविता योगेश बाबर को जिला पंचायत क्षेत्र के गांवों में जनता का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। विदित हो कि कविता ने इस क्षेत्र का जनप्रतिनिधित्व करते हुए लाखों के विकास कार्य करवाए हैं जिनके बदले जनता उन्हें आशीर्वाद दे रही है। शनिवार को उन्होंने पीपरछेड़ी, कुरमातराई, दरगहन, रींवागहन में सघन जनसंपर्क कर सभा ली।

कविता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। क्षेत्र को फिर से संवारेंगे। जनता को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरा कर्तव्य है। वह जनता की सेवा में सदा उपलब्ध रही हैं। आगे भी जनता का आशीर्वाद चाहिए। उनके कार्यकाल में विकास कार्यों और योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। गांवों में कविता का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। कविता के पक्ष में माहौल है।

# कुरुद के सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए भाजपा को चुने : चंद्राकर





■ चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा ने पुराना बाजार चौक में की आमसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद नगर में जो-जो सुविधाएं उपलब्ध है, वह रायपुर जैसे महानगरों में भी नहीं है। भाजपा को जब-जब अवसर मिला चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने हमेशा खरा उतरने का प्रयास किया है। लेकिन बीते पांच साल में कांग्रेस ने इसे संवारने की बजाय बेचने की कोशिश की है। इसलिए नगर के सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए आपदा व माफिया मुक्त शहर बनाने भाजपा को चुनना है। उक्त बातें विधायक अजय चंद्राकर ने भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में आम सभा को संबोधित करते हुए कही।

रविवार को दोपहर 3 बजे पुराना बाजार चौक में चुनावी आमसभा को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि हमने भाजपा में सभी वर्ग को समान अवसर देते हुए चुनाव मैदान में उतारा है लेकिन कांग्रेस में एक ही परिवार के चार-चार लोग कई वार्डों में हस्तक्षेप कर चुनाव लड़ रहे हैं। हमने तो नगर के विकास के लिए एम्फीथिएटर, पॉलीटेक्निक कालेज, कृषि महाविद्यालय, 100 बिस्तरों का सिविल अस्पताल, तहसील से लेकर एडीजी कोर्ट, बीएड, एलएलबी, रेल रैंक पॉइंट की स्वीकृति कराई है जिसमें नौकरी की गारंटी दिखती है। जबकि कांग्रेस राजनीति को सेवा नहीं बल्कि पेट पालने का साधन समझती है। जबरन वसूली इनका पेशा बन गया है। गरीबों की आजीविका के साधन को तोड़ने का काम करती है। नदी में जल नहीं इन्हें सिर्फ रेत दिखती है। उन्होंने कहा कि पांच साल कांग्रेस के लोग सिर्फ पूर्व मुख्यमंत्री बघेल की चाकरी करने का ही काम किये हैं। एक भी नया काम यहां नहीं करा सके, अब सोच ही नहीं है तो विकास कार्यों की अपेक्षा भी इनसे बेकार है।

इस अवसर पर मालक राम साहू, रविकांत चंद्राकर, कृष्णकांत साहू, भोजराज चंद्राकर, सुरेश अग्रवाल, भानु चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर के अलावा सभी पार्षद पद के प्रत्याशी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नगरवासी उपस्थित थे।

### मुद्दा विहीन कांग्रेसी हमेशा चरित्र हत्या करती है

अजय चंद्राकर ने कांग्रेसियों को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि राजनीति हमेशा मुद्दों की होनी चाहिए। किसी की चरित्र हत्या कर नहीं। इनके पास गिनाने को कुछ ही नहीं तो भाजपा के प्रत्याशियों की चरित्र हत्या कर रही है। राजनीति में आलोचना का बड़ा महत्व है लेकिन यहां एक भी कांग्रेसी नहीं जिसे इस लायक समझा जाये। ये वे लोग हैं जो मंदिर जैसे पवित्र स्थान नपं कार्यालय को शराब परोसने की जगह बना रखे हैं। इनमें नगर विकास कराने की क्षमता तो है ही नहीं उल्टा मेरे द्वारा स्वीकृत सभी काम को अपना बताकर श्रेय ले रहे हैं। अब समय नशा, गांजा, गोली व भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वालों की विदाई का है।

### गरीब, युवा, मजदूर व महिलाओं का सम्मान होगा



अध्यक्ष पद की प्रत्याशी ज्योति चंद्राकर ने कहा कि आप सबने पांच साल कांग्रेस का शासन देखा है। किस तरह लूट और अपराध को बढ़ावा दिया गया है। कुरुद के विकास में कोई भी सकारात्मक कार्य नहीं कर पाए। कांग्रेस मेरे परिवार पर अनर्गल आरोप लगा वोट मांग रही है लेकिन मुझे आने वाले दिनों का इंतजार है जब तपन चंद्राकर को राजनीति छोड़ने मजबूर होना पड़ जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि नगर में फिर से भाजपा की सरकार आएगी तो राज्य से लेकर केंद्र तक की सारी योजनाओं का विस्तार विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया जायेगा। हर गरीब, युवा, मजदूर व महिलाओं का सम्मान होगा। सभा को भाजपा नेता निरंजन सिन्हा ने भी संबोधित किया।

# दिल्ली में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, आतिशबाजी कर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



■ जनता ने भ्रष्टाचारियों को नकार दिया : भाजपाई

दिल्ली में भाजपा को मिली जीत की खुशी में शहर के भाजपाइयों ने घड़ी चौक में जश्न मनाया, खुशियां बांटी, आतिशबाजी की। विदित हो कि दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 48 सीट मिली है। वहीं मौजूदा सरकार आप की पार्टी को महज 22 सीट मिली है। दिल्ली में सभी 70 विस सीट पर चुनाव हुए थे। 23 साल बाद यहां भाजपा की वापसी हुई है। शनिवार की शाम को परिणाम आने पर भाजपाइयों ने खुशियां बांटी।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, महेन्द्र पंडित, चेतन हिन्दूजा, अविनाश दुबे, सुशीला तिवारी, बीथिका विश्वास, रेशमा शेख, दौलत वाधवानी, राकेश चंदवानी, सूरज शर्मा, कैलाश सोनकर उपस्थित थे। भाजपाइयों ने कहा कि जनता ने भ्रष्टाचारियों को नकार दिया। देश ने पीएम नरेन्द्र मोदी की पार्टी को चुना है। अब दिल्ली में खुशहाली लौटेगी।

# मतदान सामग्री का वितरण आज दलों की रवानी भी आज ही होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नगरीय निकाय चुनाव के तहत कांकेर नगरपालिका, नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजुर में 11 फरवरी को चुनाव है, इसके लिए 10 फरवरी को मतदान दलों के लिए सामग्री का वितरण किया जाएगा और मतदान दलों को मतदान केंद्रो के लिए रवाना किया जाएगा। जानकारी के अनुसार कांकेर नगरपालिका के लिए स्ट्रांग रूम न्यू कम्युनिटी हाल को बनाया गया है। इसी हाल से आज 10 अक्टूबर को मतदान दलों को मतदान सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। कांकेर नगरपालिका के 21 वार्डो के लिए 25 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिसमें शिवनगर, भंडारीपारा, मांझापारा और अन्नपूर्णापार में दो-दो मतदान केंद्र है। 25 मतदान केंद्रो को चार सेक्टर में विभाजित किया गया और एक अधिकारी को सेक्टर प्रभारी बनाया गया। कांकेर नगर पालिका के चुनाव के लिए प्रत्येक मतदान केंद्रो के लिए मतदान सामग्री का एक बैग तैयार करके निर्वाचन आयोग ने रख लिया है, जिसमें मतदान के समय उपयोग में आने वाली सभी सामग्री को रखा गया है। मतदान दल के आने के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी और पर्यवेक्षक की उपस्थति में स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम को निकाला जाएगा।

# शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरी : डॉ. पचौरी

■ विद्याकुंज मेमोरियल स्कूल के छात्रों को बताया आयुर्वेद का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



आयुर्वेद में जितना शारीरिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है, उतना ही मानसिक स्वास्थ्य की भी आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन व्यायाम, वज्रासन, पद्मासन, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपाल भांति, अनुलोम विलोम प्राणायाम करना चाहिए। यह बातें आयुर्वेदिक डॉक्टर अवध पचौरी ने छात्रों से कही।

विद्याकुंज मेमोरियल स्कूल हटकेशर में राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम आयुर्वेद अंतर्गत डॉक्टर अवध पचौरी ने कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के छात्रों के साथ संवाद किया। छात्रों को आयुर्वेद की जानकारी देते हुए आयुर्वेद के सिद्धांतों को बताया। आयुर्वेद में वर्णित पंचमहाभूत (पांच तत्व), प्रकृति, व्यक्ति, आहार और औषधि के बीच संबंध और संतुलन और असंतुलन से होने वाले फायदे और रोग के विषय में बताया। डॉ पचौरी ने बताया कि वर्ष में दो काल और 12 ऋतुएं होती हैं। वर्तमान मकर संक्रांति के बाद आदान काल शुरू हो गया है। इस काल में पृथ्वी का उत्तरी ध्रुव सूर्य के सामने होता है। इसके प्रभाव से हिमालय का बर्फ पिघलने लगता है और मैदानी क्षेत्र में शीत लहर बढ़ जाती है। इसके असर से शरीर में रूखापन, फेफड़ों में संक्रमण, जोड़ों में दर्द बढ़ जाता है। बसंत ऋतु हमारे शरीर के पोषण के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसमें हमारी भूख कम होती है। पाचन थोड़ा कम होता है। रात छोटी होने लगती है। बसंत ऋतु में गर्म सूप, अदरक, गिलोय, दालचीनी, खट्टे फल, आंवला लेना चाहिए। बसंत ऋतु में दैनिक व्यायाम करने के साथ फल, हरी सब्जियां, दूध, घी का उपयोग उचित मात्रा में सही ढंग से और सही समय पर करते हैं तो हमारे स्वास्थ्य में सुधार एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।

**बेकरी प्रोडक्टस से बचे**

डॉ पचौरी ने कहा कि बेकरी प्रोडक्ट, बेसन, मैदा, पैकेट फूड खाने से बचना चाहिए। उन्होंने आहार में सलाद, हरी सब्जी, दाल एवं मिलेट्स (श्री अन्न) को शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने नीम, तुलसी, मंगा, आंवला, एलोवेरा, करंज, हल्दी, अदरक आदि के औषधीय गुणों की जानकारी दी। इस दौरान शाला के प्राचार्य, शिक्षक एवं 150 छात्रा-छात्राएं उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर
कुरुद, नगरी, मगरलोड, आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/- 3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी, 3X2 के 100 बैनर, फ्री 05 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
19000/- 4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी, 4X2.5 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
21000/- 5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
31000/- 6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

| ITEM | SIZE | RATE | QTY |
| --- | --- | --- | --- |
| फ्लैक्स बोर्ड | 4X2.5 | 150 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X5 | 220 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X6 | 270 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X8 | 500 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X10,3x9 | 650 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 12X8 | 2000 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 10X10 | 2200 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 8X6 | 1200 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 6 FEET | 900 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 8 FEET | 1500 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 12 FEET | 2400 | प्रति नग |
| रैली तख्ती | 3 FEET | 200 | प्रति नग |
| बैनर | 5X3 | 115 | प्रति नग |
| बैनर | 6X3 | 130 | प्रति नग |
| बैनर | 8X5 | 300 | प्रति नग |
| बैनर | 10X10 | 700 | प्रति नग |
| बैनर | 20X10 | 1400 | प्रति नग |

राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
हीरा आर्ट्स
सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन कर कॉल करें 93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम दाम पर
चुनाव पोस्टर
* फ्लैक्स बेनर * सादा पाम्पलेट * नकली मतपत्र
* फ्लैक्स लोहा फ्रेम * मल्टीकलर पाम्पलेट * नकली मतपत्र कलर
* फ्लैक्स लकड़ी फ्रेम * बिल्ला
* कटाउट * झण्डा
अध्यक्ष, पार्षद, सरपंच, पंच, जनपद, जिला पंचायत
चुनाव प्रचार सामग्री एक ही छत के नीचे प्राप्त करें
संजय आर्ट्स
सिहावा रोड फारेस्ट ऑफिस के सामने, सी मार्ट के बाजू, धमतरी
सिहावा चौक डागा धर्मशाला के सामने, धमतरी
Mo.9685548560, 9685928560
9827111438, 7000909964

## खबर संक्षेप



### मतदाता जागरूकता के लिए निकाली रैली

**भानुप्रतापपुर।** सकल श्रीसंघ जैन समाज भानुप्रतापपुर के द्वारा अध्यक्ष कपूरचंद बागरेचा के नेतृत्व में भानुप्रतापपुर नगर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजनता को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सकल श्रीसंघ जैन समाज भानुप्रतापपुर के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। समाज के अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन इस तरह के अभियान चलाता है, मेरा समाज भी आम मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाला है और हमारा सभी मतदाताओं से कहना है कि सभी मतदाता अपने मतदान का उपयोग जरूर करें।

### दो दिनी कोरर मेले में मौत का कुआं बना आकर्षण का केंद्र

**कोरर।** कोरर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दो दिवसीय कोरर मेले का आज 10 फरवरी सोमवार को शुभारंभ होगा और इसका समापन 11 फरवरी को होगा। कोरर में लगने वाले दो दिवसीय वार्षिक मेले में



शामिलि होने के लिए व्यापारी जगह देखकर अपनी-अपनी दुकान लगाने में लगे हुए है। दुकानें चारामा रोड से लेकर कांकेर, भानुप्रतापपुर मार्ग व हाटकर्रा मार्ग की तरफ सज चुकी है। पिछले वर्ष की तुलना मे इस वर्ष झूलों की संख्या मे काफी वृद्धि हुई है। इस वर्ष आकाश झूला, टोरा -टोरा, ब्रेक डाँस, मौत कुंआ सहित बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले आए है, जो इस मेले में आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहता है। कोरर में दूर - दूर व्यापारियों का आना भी शुरू हो गया है। कोरर मेला में विभिन्न शहरों जैसे रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी सहित आसपास के व्यापारीगण यहाँ व्यापार करने आते है। कोरर अंचल के लगभग 40 से 50 गाँव के लोग मेले में शामिल होने के लिए पहुँचते है। सुरक्षा की दृष्टि से रोड किनारे लगे दुकानों को रोड से थोड़ी दूर लगाने के कोरर पुलिस द्वारा बताया गया व थाना प्रभारी कोरर द्वारा व्यापारियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया है।

## चुनाव : लोकतंत्र के सही संचालन के लिए हर एक वोट बहुमूल्य होता है

# सरोना में मतदाता जागरूकता रैली निकाली छात्रों ने मतदान के लिए किया जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना




शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय सरोना में राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी के तहत एक अभूतपूर्व मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली बस स्टैंड सरोना से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए विद्यालय तक पहुंची। इस रैली में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाई और नागरिकों को मतदान के प्रति उत्साहित किया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से आगामी चुनावों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

■ परिचर्चा में मतदान के अधिकार और कर्तव्य पर की गई चर्चा

रैली में शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र तिवारी ने रैली के महत्व को समझाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने छात्रों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की प्रेरणा दी और बताया कि लोकतंत्र के सही संचालन के लिए हर एक वोट मायने रखता है। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सिन्हा, विद्यालय के व्याखाता केशव लाल कोर्रम, राजेंद्र नेताम, हेमप्रकाश साहू सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण भी शामिल रहे और इसके साथ एनसीसी के स्वयंसेवक खुसाल, दयाराम, निखिल, देवानंद और गजानंद ने अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई। इन स्वयंसेवकों ने न केवल रैली का नेतृत्व किया, बल्कि कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए भी भरपूर प्रयास किए। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने वोट देना है, देश को प्रगति की ओर बढ़ाना है, अपने अधिकार का प्रयोग करें, जागरूक मतदाता बनें जैसे नारों से वातावरण को गर्माया और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने तख्तियां और बैनर ले रखे थे, जिन पर हर वोट कीमती है, देश के भविष्य का निर्माण करें, वोट जरूर डालें जैसे संदेश लिखे हुए थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र तिवारी ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे अपने मतदान के अधिकार का सही उपयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि केवल वोट डालना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें यह समझने की भी आवश्यकता है कि हमारे वोट से ही सरकार का गठन होता है और देश की दिशा तय होती है। कार्यक्रम के आयोजकों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति सकारात्मक सोच और सहभागिता बढ़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह रैली उन लोगों के लिए प्रेरणा का काम करेगी जो मतदान के प्रति उदासीन रहते हैं। कार्यक्रम के बाद, विद्यालय में एक संक्षिप्त परिचर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने चुनाव प्रक्रिया, मतदान के अधिकार और अपने कर्तव्यों पर चर्चा की।

रैली का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम था जो समाज में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया, ताकि आने वाले समय में अधिक से अधिक लोग मतदान के प्रति जागरूक हो सकें और लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी जा सके।

## पंचायत चुनाव के लिए शुरू हुआ जनसंपर्क, ग्रामीण क्षेत्रों में बनने लगा चुनावी माहौल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए अब दो दिन शेष है और चुनाव प्रचार थम गया है वहीं अब ग्रामीण क्षेत्र में अब चुनावी रंग बनने लगा है। जिला पंचायत के राष्ट्रीय पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशी अपने अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों व गाँवो में प्रचार करने के लिए डीजे की धुन के साथ पहुँचने लगे है।

हरिभूमि टीम ने चुनावी माहौल को देखने के लिए कई गाँव का जायजा लिया और देखने को मिला कि सरपंच, पंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य अपनी अपनी टीम के साथ चुनाव प्रचार के लिए गाँव गाँव व वार्ड में पहुँच रहे है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 की भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले अपनी टीम के साथ प्रचार करते हुए मिली, उन्होने बातचीत में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी माहौल बन गया है, उनसे जानना चाहा कि एक दिन में कितने गाँव हो जाते है तो उन्होने कहा कि 10 से 12 गाँव में एक दिन में जनसंपर्क हो जाता है। उन्होने बताया कि रविवार को मैं दसपुर, बेवरती, पटौदल, अंजनी, पुसावंड, पुसवाड़ा, मोहपुर और व्यासकोंगेरा में जनसंपर्क किया। उनका कहना था कि भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना से सीधे महिलाओं को लाभ मिला है और महिलाएं भाजपा के साथ जुड़ गई है। भाजपा की योजनाएं आमजनता से जुड़ी हुई है। गरीबों के लिए पक्का मकान देने का काम मोदी सरकार ने किया है, परंतु कांग्रेस सरकार ने इसे रोककर रख दिया था। भाजपा की सरकार प्रदेश में आते ही फिर से गरीबों के लिए पक्के मकान बनने लगे है। इस दौरान कांग्रेस का जिला पंचायत सदस्य कहीं भी प्रचार करते हुए नहीं टकराएं। जानकारी लेने पर पता चला कि उनका प्रचार दूसरे क्षेत्र में चल रहा है, इसलिए इस ईलाके में मुलाकात नहीं हो पाई।

# चाहचाड़ आंबा जीर्णोद्धार के लिए किया गया भूमिपूजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



तहसील क्षेत्र के ग्राम चाहचाड़ में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आंगनबाड़ी केंद्र के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया, जिसके तहत मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के लिए 9 फरवरी को भूमिपूजन किया गया। विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम चाहचाड़ में गोयल ग्रुप के हाहालद्दी माइंस प्रबंधन द्वारा 9 फरवरी को ग्राम चाहचाड़ के आंगनबाड़ी क्रमांक दो की स्थिति जर्जर हो चुकी है, जिसके जीर्णोद्धार के लिए ग्राम पटेल जगदीश दुग्गा द्वारा माइंस प्रबंधन को आवेदन दिया गया था। माइंस प्रबंधन को इस आंगनबाड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया, इतना ही नहीं इस आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले नौनिहालों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए। माइंस प्रबंधन द्वारा यहाँ बाउंड्रीवाल का निर्माण भी करवाया गया है। रविवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में चाहचाड़ के बड़े बुजुर्गों, ग्राम पटेल, गायता व गोयल ग्रुप के कर्मचारियों ने शिरकत किया। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परम्परा के अनुसार गांव के बड़े बुजुर्गों के द्वारा भूमिपूजन का कार्य करवाया गया। गोयल ग्रुप के सीनियर मैनेजर लायजन रवि तिवारी ने बताया कि उनके संस्थान द्वारा क्षेत्र तरह तरह के विकास कार्य किए जा रहे हैं। विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए ग्राम चाहचाड़ के आंगनबाड़ी की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसका भूमिपूजन किया गया। सामाजिक सरोकारों के लिए हमारा संस्थान संकल्पबद्ध है और ऐसे जन सरोकार के कार्य हम आगे भी करते रहेंगे। कार्यक्रम में ग्राम पटेल जगदीश दुग्गा, शनि दुग्गा, रामगोपाल, बलीराम दुग्गा के अलावा ग्रामीण तथा गोयल ग्रुप के कर्मचारी बलराम लखेड़ा एवं अरविंद राय मौजूद रहे।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 में अरूण सार्वा ने किया जनसंपर्क





**नगरी।** जिला पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 12 के भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरूण सार्वा ने रविवार को वनांचल के सुदूर ग्राम रिसगांव, सन्दबाहर, खालगढ़, गादुलबाहरा जैसे ग्रामों में जनसंपर्क कर अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।

## बलजीत छाबड़ा ने नुक्कड़ सभा लेकर किया जनसंपर्क






**नगरी।** नगर पंचायत नगरी चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बलजीत छाबड़ा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अलग-अलग वार्डों में नुक्कड़ सभा लेकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### दोनों दल के प्रचारकों ने की जमकर नारे बाजी और मांगे वोट

# चुनाव प्रचार का शोर थम गया भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



नगर पंचायत चुनाव के प्रचार का शोर रविवार 9 फरवरी की शाम 5 बजे से थम गया। प्रचार के अंतिम दिन भानुप्रतापपुर के प्रमुख राजनीतिक दलों, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के दिग्गज नेता रोड शो और रैलियों के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन किया। अंतिम दिन दोनो राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं को रिझाने के लिए पूरा दमखम दिखाया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस ने जन समर्थन जुटाने का भरसक प्रयास किया।

■ डबल इंजन की सरकार का लाभ भानुप्रतापपुर को मिलेगा

भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के भाजपा के प्रत्याशी निखिल सिंह राठौर ने जनसैलाब के साथ शक्ति प्रदर्शन किया और आमजनता से समर्थन मांगा। भाजपा के एक एक कार्यकर्ता में उत्साह देखने को मिला रहा था। उत्साह से भाजपा के एक एक कार्यकर्ता लबरेब थे और उनके नारेबाजी में दम भी दिख रहा था कि भाजपा का हर कार्यकर्ता उत्साह में है। नगर पंचायत के अध्यक्ष के लिए भाजपा के प्रत्याशी निखिल सिंह राठौर ने कहा कि भानुप्रतापपुर के विकास के लिए जनता का आशीर्वाद चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि जनता ने उन्हें कुर्सी पर बैठाया तो वह किसी को निराश नहीं करेंगे, जो भी विकास कार्य होने हैं, उनका वह प्राथमिकताओं के साथ करवाने की बात कहीं। डबल इंजन की सरकार का लाभ भानुप्रतापपुर को मिलेगा।

भानुप्रतापपुर नगर पंचायत से कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भगवती गजेंद्र ने जन सैलाब के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान भानुप्रतापपुर के विकास और अभी समस्याओं के समाधान की पूरी गारंटी दी और विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने भगवती गजेंद्र के हर कदम पर साथ देने का वादा किया। इस जनसभा में कांग्रेस के सभी कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता शामिल रहे। शक्ति प्रदर्शन में सभी वार्डों के पार्षद प्रत्याशी भी शामिल हुए। कांग्रेस प्रत्याशी भगवती गजेंद्र ने अपने समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ आशीर्वाद यात्रा के रूप में एक विशाल रैली का आयोजन किया।



### मतदान तक बंद रहेंगी शराब दुकानें


चुनाव के चलते आज शाम से शराब की दुकानें मतदान की शाम तक बंद रहेंगी। चुनाव आयोग ने नगर पंचायत सीमा से लगने वाले क्षेत्रों में शराब की दुकानों को बंद करने का आदेश दिया गया है।

## कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ रिटर्निंग अधिकारी से की शिकायत

**चारामा।** नगर पंचायत चारामा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार सामग्री में छेड़छाड़ करने को लेकर

■ नगर पंचायत चारामा चुनाव को लेकर घमासान जारी

ब्लाँक कांग्रेस कमेटी ने रिटर्निंग अधिकारी को शिकायत करते हुए कार्यवाही की माँग किया है। शिकायत पत्र में उल्लेख है कि नगर पंचायत चारामा में चुनाव के लिए प्रयुक्त चुनाव प्रचार सामग्री पोस्टर में लिखे नारों को कांट-छांट करते हुए पोस्टर के साथ छेड़छाड़ किया गया और उस पोस्ट को सोशल मीडिया में वायरल भी किया जा रहा है, जिसके कारण पोस्टर में लिखे नारों का अर्थ ही बदल गया है। इस प्रकार के कृत्य से राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी भुनेश्वर नागराज एवं क्षेत्रीय विधायक सावित्री मनोज मंडावी की छवि खराब हो रही है। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा लगाए पोस्टर में सिर्फ सेवा और सम्मान को काटकर सिर्फ सिर्फ पैसा कमाने लिखकर भाजपा नेताओं के द्वारा प्रचारित किया जा रहा है, चूंकि वर्तमान में निर्वाचन आदर्श आचार संहिता लागू है। अतः चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए चुनाव प्रचार सामग्री में छेड़छाड़ करने के लिए जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी चारामा से नगर पंचायत चारामा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्यारे लाल देवांगन, भाजपा चारामा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू तथा सोशल मीडिया में वायरल करने वाले परमेश्वर यादव के विरूद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग किया है।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
Dental & Consmetic Treatments
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### फरसियां मंदिर में 11 को मड़ई

**नगरी।** फरसियां मंदिर में 11 फरवरी मड़ई मेला का आयोजन होगा। शाही स्नान 12 फरवरी को होगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम में माटी के महक तरौद बालोद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष जवाहरलाल मरकाम, उपाध्यक्ष गजानंद कश्यप, दीनदयाल ग्वाले, महासचिव नीरज सोन, सचिव राधेश्याम साहू, राधेश्याम ध्रुव, कोषाध्यक्ष प्रयाग बिसेन, युवा अध्यक्ष रेखराम साहू, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, सहसचिव चेतन नाग जुटे हैं। यह जानकारी युवा समिति सचिव अरूण प्रजापति ने दी है।

### युवती ने जहर खाया अस्पताल में मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत मुंगवाल निवासी 25 वर्षीय सुमित्रा नेताम की जहर सेवन कर लिया था, जिसे ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया, जहाँ ईलाज के दौरान मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाप ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर मर्ग कायम किया और पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने बताया कि युवती के द्वारा जहर सेवन का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। जहर सेवन के कारण की पतासाजी जारी है।

### कुएं में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत हानपतरी निवासी 75 वर्षीय अंकालूराम 7 फरवरी को नहाने के लिए कुआं में गया था और कुआं में नहाते समय कुआं में गिर जाने से उसकी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी थाना को दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार कर पीएम करवाया और शव को परिजनों को सौंपा गया।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या, जांच शुरू

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत 42 वर्षीय सोपसिंह पोटाई शराब पीने का आदी था और कुछ दिनों से शराब पीकर पागलपन हरकत करता था और 8 फरवरी को शराब के नशे में था। नशे की हालत में स्वंय के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

### 6 दिनी ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत सुपर स्टार क्रिकेट क्लब कलवर के तत्वाधान में 14 फरवरी से 19 फरवरी 6 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सरजू राम यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मण टेकाम, सचिव राजेश कुमार, सहसचिव संजीत कुमार, कोषाध्यक्ष लालचंद दुग्गा, संरक्षक हरिमोहन टेकाम ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सुपर स्टार क्रिकेट क्लब कलवर के तत्वाधान में 6 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15000 रुपएं, द्वितीय पुरस्कार 8000 रूपएं, तृतीय पुरस्कार5000 चतुर्थ पुरस्कार 3000 एवं अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे प्रतियोगिता को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं ग्रामवासी तैयारी में जुटे हुए हैं।

कर्णेश्वर मेला महोत्सव रहेगा टैक्स फ्री, अमृतकुंड के जल में स्नान करने से अनेक असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं

# इतिहास और आस्था का संगम सिहावा का कर्णेश्वर मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा के श्रृंगीऋषि पर्वत के नीचे महानदी के तट पर छिपलीपारा के देऊरपारा कर्णेश्वर धाम में महानदी



और बालका नदी का संगम है। माघ पूर्णिमा पर यहां हजारों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। कर्णेश्वर धाम में एक प्राचीन अमृतकुंड है। किवदंती के अनुसार इस कुंड के जल में स्नान करने से कोढ़ जैसे अनेक असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं। सोमवंशी राजाओं ने इस अमृतकुंड को मिट्टी से भर दिया था। अमृतकुंड से लगे सरोवर मोती तालाब को राजा की दो पुत्रियों सोनई ,रूपई के नाम से जाना जाता था। सोनई, रूपई कांकेर के राजा धर्मदेव की की पुत्री थी। मंदिर परिसर में विविध देवी-देवताओं की प्रतिमा है। सोमवंशीय राजाओं का विजय स्तंभ है। माघपूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालु बालका व महानदी के संगम में आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगाते हैं।



मेले के वैभव के लिए ट्रस्ट द्वारा की जा रही है जोरदार तैयारी

इस संवाददाता को कर्णेश्वर महादेव मंदिर धाम ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि कर्णेश्वर धाम के विकास के लिए संरक्षक व सिहावा विधायक प्रयासरत हैं। पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप सामुदायिक भवन बना। मंदिर परिसर का चौड़ीकरण,शेड निर्माण, मंदिर परिसर के भीतर व बाहर डोम शेड बना हुआ है। कर्णेश्वर महादेव मंदिर मुख्य पहुंच मार्ग से मंदिर तक रोड का निर्माण हुआ है। तालाब सौन्दर्यीकरण, गेट निर्माण सहित अनेक कार्य हुए हैं। श्री गुप्ता ने आगे बताया कि पहले तीन दिन मेला लगता था अब पांच दिवसीय मेला हो गया है। मेला महोत्सव टैक्स फ्री रहेगा। व्यापारियों से कोई पैसा नहीं लिया जायेगा। इस धाम में चार प्रमुख महानदी का उद्गम स्थल, गणेश घाट, शीतला मंदिर, श्रृंगीऋषि मंदिर, कर्णेश्वर मंदिर है। मेले में सिहावा पुलिस प्रशासन की हमेशा भूमिका रहती है। इस मेला में उड़ीसा, बस्तर सहित आसपास के देवी-देवताओं को आमंत्रित किया जाता है। इस धाम के दर्शन के लिए दिल्ली, बाम्बे, कलकत्ता से भी लोग आते हैं। आगे बताया कि पुरातत्व विभाग द्वारा इस प्राचीन मंदिर के रखरखाव हेतु कोई पहल नहीं की जा रही है। संवाददाता ने मंदिर परिसर व प्राचीन मंदिर की ओर ध्यान आकृष्ट किया। पुराने पत्थर से बने मंदिर के ऊपरी हिस्से पर काई जमा था। मंदिर परिसर सहित मेला स्थल के आसपास पेयजल की किल्लत होती है। अगर पीएचई विभाग सार्थक प्रयास करें तो पानी की समस्या का निदान हो जायेगा।



विभागीय देखरेख के अभाव में मंदिर खो रही अपनी आभा



पेयजल के लिये पर्याप्त नहीं है यहां की पानी टंकी

मेले की तैयारी में ट्रस्ट के संरक्षक कैलाश पवार, अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष रामप्रसाद, ललित शर्मा सचिव, निकेश ठाकुर कोषाध्यक्ष, रामभरोस साहू सहसचिव, शिव परिहार, नागेन्द्र शुक्ला, रवि दुबे, कलम सिंह पंवार, कैलाश प्रजापति, रवि ठाकुर,पवन भट्ट, नंद कुमार नाग, नोहर सिह साहू, केएस श्रीमाली, डां आंनद अवस्थी, रामलाल नेताम, छबि ठाकुर, अमर सिंह पटेल, प्रकाश बैस, कमलेश मिश्रा, तेजनाथ साहू, अंजोर सिंह निषाद, रामलाल श्रीमाली, कमल डागा, प्रताप सुरेशा, दीपक यदु, उत्तम साहू, आलोक सिन्हा,गगन नाहटा, पंकज ध्रुव, प्रकाश सार्वा, मोहन पुजारी, भरत निर्मलकर, योगेश साहू, सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल, राकेश चौबे, रूद्रप्रताप नाग, मोहन नाहटा, प्रवीण गुप्ता, मिलेश्वर साहू, ललित निर्मलकर, पेमन स्वर्णबेर, ईश्वर जागे, मनोहर मानिकपुरी, किशन गजेन्द्र, रामगोपाल साहू, पीके राजन, प्रेमजीत छाबड़ा, महेंद्र धेनुसेवक, दुर्गेश कश्यप, हृदय साहू, सुकमन साहू, मनोज गुप्ता, मदन साहू, अकबर कश्यप, मुकेश बघेल, कुलदीप साहू, उमाशंकर जांगड़े, दिनेश तिवारी, लखनलाल ध्रुव, अमृतलाल नाग, श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, भानु साहू, सुनील निर्मलकर, नंद यादव, प्रदीप बंटी जैन, अश्वनी निषाद, अनिरुद्ध साहू, खम्मन अडिल, हरिश यादव, राजू सोम, होरीलाल पटेल, केआर बोरझरिया, कौशल साहू, रवि भट्ट, हनी कश्यप, निखिल साहू, टेश्वर ध्रुव, नरसिंग मरकाम, दुर्गेश साहू, राकेश कैवम, शारदा ध्रुव, हेमंत गोस्वामी, देवेन्द्र साहू, तेजनाथ साहू जुटे हैं।

## थम गया चुनावी शोरगुल, चुनाव के लिए वाहनों का अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के गली-मोहल्लो में हो रहे चुनाव प्रचार का शोरगुल बंद हो गया है। पिछले 10 दिन से हो रहे रैली, एनाउंसमेंट अब नजर नहीं आएंगे। अब महापौर और पार्षद प्रत्याशी घर-घर जाकर वोट देने की अपील करेंगे। 11 जनवरी को मतदान होगा। जिला निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय के लिए चुनाव की तैयारी पूरी कर ली है। एक नगर निगम सहित पांच नगर पंचायतों में मंगलवार को मतदान होगा। नगरीय निकाय के लिए 160 बूथ बनाए गए हैं। इस बार निकायों में संगवारी बूथ नहीं बनाए गए हैं। निगम क्षेत्र में 5 से 10 आदर्श केंद्र बनाये जाएंगे। आरटीओ अधिकारी अब्दुल मुजाहिद ने बताया कि निकाय चुनाव के लिए 127 तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 265 वाहनों का अधिग्रहण किया गया है।



# आवक घटने से हरी सब्जियों के दाम में हुआ इजाफा

**इतवारी बाजार अपडेट : करेला, मिर्च, अदरक 60 तो ग्वारफल्ली, ढेंस, कोचई 30 रुपये किलो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गर्मी का सीजन शुरू होते ही हरी सब्जियों का उत्पादन घटने लगा है। शहर के बाजारों में मनपसंद सब्जियों की शार्टेज हो गई है। सब्जी व्यवसायी नरेन्द्र सोनकर ने बताया कि बाजार में आवक कम होने से सब्जियों के दाम बढ़ रहे हैं। भाजियों की कीमत में भी इजाफा हुआ है। शीत ऋतु में लगी सब्जियों की फसल लगभग खत्म होने को है। गर्मी सीजन की बुआई शुरू हो गई है। बची हुई फसल की सब्जियां कम मात्रा में बाजार पहुंच रही हैं जिसकी वजह से रेट में अंतर है।

शहर के इतवारी बाजार में शाम 5 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट में इजाफा से उन्हें मायूस होना पड़ा। सब्जी विक्रेता जन्मेजय पटेल, बसंती पटेल ने बताया कि रविवार को देशी मुनगा 100-120 रूपये किलो रहा। करेला, मिर्च, अदरक 60 रूपये किलो रहा। कुंदरू, भिंडी, तोराई 50 रूपये किलो बिका। डोड़का, मेथी भाजी, शिमला मिर्च 40 रूपये किलो रहा। गाजर, बरबटी, गोभी, केला, धनिया, सेमी, मटर 30 रूपये किलो बिका। भटा, कुम्हड़ा, पत्तागोभी, मूली 20 रूपये किलो रहा। टमाटर लौकी 10 रूपये किलो बिका।



### राहर दाल का रेट गिरा

राहर दाल का रेट इस सप्ताह कम हुआ। 170-150 रूपये किलो बिकने वाली राहर दाल अब 120 रूपये किलो हो गई है। लहसुन 200 से घटकर 120-130 रूपये किलो हो गया है। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि रविवार को आलू 20, प्याज 40, शक्कर 45, गुड़ 50, हल्दी 150-200, मिर्च 200-300, धनिया 100, जीरा 300, काली मिर्च 780, तेल रिफाइंड 130, सरसों 75, मेथी 80, मूंगदाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चना 80, काबुली चना 120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 90, पोहा 50 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 65 रूपये दर्जन रहा।

## मतदाता पहचान पत्र के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज मान्य

- मतदाता इनमें से किसी भी एक दस्तावेज के जरिए अपना वोट डाल सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। इनमें से किसी भी एक दस्तावेज के ज़रिए मतदाता अपना वोट डाल सकेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों में मतदाता पहचान पत्र, बैंक-डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य-केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंसिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी ईआर जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है।

मतदाता इनमें से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान- पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जायेगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित कर वोट डालने की अनुमति दी जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को भी मान्य किया गया है। यह पर्ची आयोग की वेबसाईट पर दिये गये लिंक से मतदाता के द्वारा डाउनलोड की जा सकती है।

## जिला अस्पताल में डायबिटिक कीटो एसोडिसीस पीड़ित बच्चे का का हुआ सफल उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- दस दिन बाद बच्चे को किया गया डिस्चार्ज

बच्चों में काफी रेयर बीमारी डायबिटिक कीटो एसोडिसीस/शुगर से पीड़ित आठ साल के बच्चे का जिला अस्पताल में सफल उपचार किया गया। स्वस्थ हो जाने के बाद बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

आधुनिक जीवनशैली के चलते अधिकतर लोग शुगर व बीपी से पीड़ित हैं। वहीं बच्चों में भी शुगर की बीमारी के मामले सामने आ रहे हैं जिसे डायबिटिक कीटो एसोडिसीस बीमारी कहा जाता है। इस बीमारी में बच्चों के दिमाग में शुगर चढ़ जाता है। यह बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। लेकिन समय रहते उपचार कराए जाने पर बच्चों के जीवन को बचाया जा सकता है। हालांकि यह बीमारी काफी रेयर है। बहुत कम बच्चों को इस तरह की बीमारी होती है। बीते दिनों इस बीमारी से पीड़ित 8 साल के बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। लगभग 10 दिन बच्चे का उपचार किया गया।

गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लाक के ग्राम अभोड़ा निवासी खेदूराम नेताम का 8 वर्षीय पुत्र सुमन नेताम कक्षा तीसरी में पढ़ाई करता है। बीते सप्ताह से बच्चे के वजन में भारी कमी आ रही थी। बच्चा धीरे-धीरे कमजोर हो रहा था। उसे परिजन उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए। यहां चेकअप के बाद बच्चे को शुगर पीड़ित पाया गया। रिफर करने पर बच्चे को 25 जनवरी को जिला अस्पताल लाया गया। यहां चेकअप में बच्चा डायबिटिक कीटो एसोडिसीस से पीड़ित पाया गया। शिशुरोग विशेषज्ञ डा. अखिलेश देवांगन ने बच्चे को पीडिया वार्ड के एचडीयू में भर्ती कर उपचार शुरु किया। पीडिया वार्ड की टीम के साथ बच्चे की सतत मानिटरिंग कर इन्सुलिन का इंजेक्शन व दवाई देकर इलाज किया गया। लगभग 10 दिन भर्ती रहने के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर शनिवार को बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया। परिजन डाक्टर व पीडिया वार्ड की टीम को धन्यवाद देकर बच्चे को लेकर मुस्कुराते हुए घर लौट गए।

- **बीमारी के लक्षण :** डायबिटिक कीटो एसोडिसीस में बच्चे का पेट फूलना, श्वसन संबंधी समस्या, कमजोरी, उल्टी, वजन का कम होना व शुगर का दिमाग में चढ़ जाना प्रमुख कारण है।
- **रेयर केस है :** शिशुरोग विशेषज्ञ डा.अखिलेश देवांगन ने बताया कि डायबिटिक कीटो एसोडिसीस काफी रेयर केस है। जिला अस्पताल में एकसाल पहले इस तरह का केस आया था। साल भर बाद यह दूसरा केस है। मैनपुर क्षेत्र के पीड़ित बच्चे को एचडीयू में भर्ती किया गया था। जहां तीन दिन तक ड्रीप में इन्सुलिन दी गई। इसके साथ ही बच्चे की सेहत पर लगातार नजर रखते हुए उपचार जारी किया गया। बच्चे का स्वास्थ्य सुधरने के बाद उसे डिस्चार्ज किया गया।

## अधिकारी बनने तीन हजार अभ्यर्थियों ने दिलाई परीक्षा



- पीएससी प्रारंभिक की परीक्षा जिले के 10 केन्द्रों में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छग लोक सेवा आयोग की ओर से जिले के 10 केन्द्रों में पीएससी प्रारंभिक की परीक्षा दो पालियों में हुई। परीक्षा में 4380 परीक्षार्थियों का पंजीयन था, जिसमें 2961 ने पहली पाली में परीक्षा दिलाई। द्वितीय पाली की परीक्षा में 1473 परीक्षार्थी बैठे।

सहायक नोडल अधिकारी जितेन्द्र डहरे ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से हुई। कहीं भी नकल प्रकरण की शिकायत नहीं आई। प्रथम पाली की परीक्षा 10 से 12 बजे तक, द्वितीय पाली की परीक्षा 3 से 5 बजे तक थी। परीक्षा में इलेक्ट्रानिक गैजेट, घड़ी प्रतिबंधित था। उड़नदस्ता की टीम ने सभी केन्द्रों का निरीक्षण किया। सुरक्षा के लिए पुलिस की व्यवस्था थी।

परीक्षार्थी दिनेश वैष्णव, कृपाल राव, राजेन्द्र सोनकर, मुकेश ध्रुव, सोनाली सोनी, रूपाली यदु ने बताया कि परीक्षा के लिए 100 प्रश्न पूछे गए थे। सभी के लिए अंक 2 थे। सर्वश्रेष्ठ पिक्चर श्रेणी की फिल्म कौन सी है। देवनी मोरी स्तूप कहां है। मुद्रा लोन की अधिकतम सीमा कितनी है। लौह अयस्क वाला सर्वाधिक राज्य, अन्न दर्पण योजना क्या है। भारत की जनजाति कितनी है। मिट्टी कैफे क्यों प्रसिद्ध है। पीएम आशा योजना क्या है। फारस के राजपूत कौन थे जैसे अनेक प्रश्न पूछे गए थे।







## सामाजिक रीति-रिवाज से हुआ 10 जोड़ों का सामूहिक विवाह

- सेहराडबरी में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र तेलीनसत्ती का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सेहराडबरी में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र तेलीनसत्ती का वार्षिक सम्मेलन हुआ। बूढ़ादेव की पूजा के बाद सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस सम्मेलन में 8 गांव के आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। समाज प्रमुखों द्वारा आय -व्यय का जानकारी दी गई। सम्मेलन में समाज की एकता, सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, शिक्षा के महत्व और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ध्रुव गोंड़ समाज ने सामाजिक रीति-रिवाज से 10 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया।

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से गोंड़ समाज ने अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने, सामाजिक एकता को बढ़ावा देने और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। मौके पर डॉ एआर ठाकुर, उदय नेताम जिला महासचिव, मुड़ा संरक्षक बहुरसिंग मरकाम, अध्यक्ष सैन कुमार मंडावी, कुलेश्वर पडोटी, देवकुमार कतलाम , संतोष ध्रुव, विष्णु छेदैहा, त्रिलोचन कुंजाम, कांशीराम छेदैहा, भीखम कोर्राम, हेमन्त ध्रुव, झम्मन नेताम, कोमल नेताम, हीरासिंग ध्रुव, सुंदर ध्रुव, नरसिंह ध्रुव, खुशीराम ध्रुव, कैलाश मंडावी, बलराम ध्रुव, दौलत ध्रुव, राहुल नेताम उपस्थित थे।





